Rashtriya Sahara

23.08.2015

Page No. -08

S.No- 225

नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

मुरादनगर (एसएनबी)। एनएच-58 स्थित आईटीएस कॉलेज ऑफफार्मेसी में नई उमंग व तरंग के साथ बी फार्मेसी के फर्स्ट ईयर के छात्रों का धूमधाम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद कुमार, सीनियर डायरेक्टर -टेवा इंडिया लि. एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एस.सदीश कुमार एवं पैरामेडिकल विभाग के प्रशासिनक अधिकारी डीएस जली जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर छात्रा द्वारा सरस्वती वदनां से हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एस. सदीश कुमार ने नए सत्र के छात्रों को पाठ्यक्रम एवं अत्याधुनिक उपकरणं से अवगत कराते हुए उनकी उपयोगिता एवं गुणवत्ता की जानकारी दी। डॉ. एस. सदीश कुमार ने बताया कि छात्रं ने फार्मेसी का विकल्प चुनकर अपना भविष्य संवारने का सुनहरा अवसर पाया है। एक बेहतर फ र्मासिस्ट बनकर वह समाज की सेवा व दवाओं के क्षेत्र में नए अविष्कार कर भारत को सशक्त व हैल्दी बना सके।